लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या / 55 / 2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः— 03.07.2020

डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी पुत्र श्री फतेह सिंह भाटी निवासी सरदारशहर, जिला चूरू

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम—2005

निर्णय

दिनांक 28.07.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 29.02.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 55 / 2020 / (28.07) / 432 दिनांक 03.07.2020 से लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को दिनांक 28.07.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी सम संख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 28.07.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ ने अपने पत्र क्रमांक / एडीएम / पीए / लोसूअ / 2020 / 243 दिनांक 24.07.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः—

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 55/2020 (सू.अ.)
डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी निवासी सरदारशहर जिला चूरू बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

1. यह कि प्रार्थी श्री राजेन्द्र सिंह भाटी, मां बाला सती लॉ एसोसिएट, रावत शॉपिंग मॉल, बाल मंदिर स्कूल के पास, दूगड विद्यालय रोड़, मुख्य बाजार, सरदारशहर, चूरू द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत आवेदन पत्र दिनांक 25.02.2020 को प्रस्तुत किया जो इस कार्यालय में दिनांक 05.03.2020 को प्राप्त होना सही है।
2. यह कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 25.02.2020 एवं दिनांक 29.02.2020 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर चाही गई सूचना के तथ्य एक ही प्रकार के हैं। प्रार्थी प्रार्थना पत्र दिनांक 29.02.2020 इस कार्यालय को अपील संख्या 55/2020 के साथ ही प्राप्त हुआ है।
3. यह कि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र से चाही जा रही सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी, न्याय अनुभाग, जिला कार्यालय, चित्तौड़गढ़ से जरिये पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/2487 दिनांक 02.07.2020 एवं पत्रांक 2503 दिनांक 21.07.2020 से सूचना चाही गई जो अपेक्षित है। (पत्र की छायाप्रति संलग्न है)
4. यह कि प्रभारी अधिकारी, न्याय अनुभाग, जिला कार्यालय, चित्तौड़गढ़ से वांछित सूचना शीघ्र प्राप्त कर प्रार्थी को विधिवत उपलब्ध करा दी जायेगी। अतः प्रस्तुत अपील पर जवाब स्वीकार कर अपील को निरस्त कराने का श्रम करावें।

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़ द्वारा अपने पत्रांक/एडीएम/पीए/लोसूअ/2020/243 दिनांक 24.07.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचनाऐं चाहने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 29.02.2020, दिनांक 02.03.2020 को रजिस्टर्ड ड़ाक से अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ के कार्यालय में प्रेषित किया गया है जिससे लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ का कथन की, उक्त आवेदन पत्र दिनांक 29.02.2020 उनके कार्यालय में प्राप्त नहीं होकर इस अपील मेमों के साथ प्राप्त हुआ है मानने योग्य नहीं है।

लोक सूचना...
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 55 / 2020 (सू.अ.)
डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी निवासी सरदारशहर जिला चूरू बनाम लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) चित्तौड़गढ़

अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना आदिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ ने भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु अतिरिक्त समय चाहा है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़ को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को 15 दिवस में वांछित सूचना निः शुल्क उपलब्ध करा पालना से अवगत करावें।

(के. के. शर्मा)
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्र. / सरिश्ता / प्र.सं. / 55 / 2020(सू.अ.) / 504 दिनांकः 28 / 07 / 2020

प्रतिलिपिः–

1. लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन), चित्तौड़गढ़
2. डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी पिता श्री फतेह सिंह भाटी निवासी मां बाला सती लॉ ऐसोसियेट्स रावत शॉपिंग मॉल, बाल मंदिर स्कूल के पास, दूगड़ विद्यालय रोड़, मुख्य बाजार, सरदारशहर, जिला चूरू (राज.) 331403

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official